ो समितियों का निर्माण किया गया है :—

(i) पर्यटन विकास परिषद्,

(ii) होटल पुनरालोकन व सर्वेक्षण समिति ।

(ख) उन संकल्पों की जिनके द्वारा पर्यटन विकास परिषद् और होटल पुनरालोकन व सर्वेक्षण समिति गठित की गयी हैं, प्रतियाँ सभा पटल पर रख दी गई हैं, [पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या 776/6 । पर्यटन विकास परिषद को 31-3-68 को उसके कार्यकाल की अवधि की समाप्ति पर पुनर्गठित किया जा रहा है ।

अहोम ताई मंगोलिया स्टेट कौंसिल, असाम

6533. **श्री ओ० प्र० त्यागी :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आसाम की अहोम ताई मंगोलिया स्टेट कौंसिल ने एक पृथक अहोम मंगोल राज्य की माँग सरकार से की है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) तथा (ख). आसाम के प्रस्तावित पुनर्गठन के सम्बन्ध में आसाम की अहोम ताई मंगोलिया राज्य परिषद् (स्टेट कौंसिल) ने सरकार से कहा है कि आसाम के दो ऊपरी जिलों, शिवसागर तथा लखीमपुर को मिलाकर एक अलग राज्य बनाया जाय अथवा संघीय योजना अपनाने पर एक अलग संघबद्ध इकाई बनाई जाय । सरकार इस माँग के पक्ष में नहीं है ।

रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली में अपहरण का मामला

6534. **श्री बलराज मधोक :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रामकृष्णपुरम की आरती नामक एक अवयस्क बालिका ने जिसका अपहरण कर लिया गया था पुलिस को एक ऐसे गिरोह के बारे में सूचना दी है, जो दिल्ली में लड़कियों का अपहरण करता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पिछले कई महीनों से दिल्ली में अवयस्क लड़कियों के अपहरण की घटनायें बढ़ती जा रही है; और

(ग) एसी घटनायों को रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं श्रीमान ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान ।

(ग) जब कभी भी अपहरण के मामलों की रिपोर्ट की जाती है तब एसे लापता व्यक्तियों के विवरण अपराधी गुप्त राजपत्र में प्रकाशित कर लिये जाते हैं तथा सभी पुलिस थानों और राज्यों को भेजे जाते हैं । ऐसी घटनाओं की जांच के लिये खोये हुए व्यक्तियों का पता लगाने वाले एक आरक्षी दल की स्थापना भी की गई है ।

Artificial Rain Experiment

6536. SHRI GIRRAJ SARAN SINGH:
SHRI P. RAMAMURTI:
SHRI PILOO MODY:
SHRI LOBO PRABHU:
SHRI GADILINGANA GOWD:

Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) the result of artificial rain-mak-